भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

29.07.2026 के

अतारांकित प्रश्न सं. 1817 का उत्तर

"52 सप्ताह में 52 सुधार" पहल

1817. श्री संदिपनराव आसाराम भुमरे:
श्री ज्ञानेश्वर पाटील:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने रेल में व्यापक प्रणालीगत सुधार लाने के उद्देश्य से "52 सप्ताह में 52 सुधार" पहल लागू/कार्यान्वित की है;

(ख) यदि हाँ, तो विशेष रूप से महाराष्ट्र एवं मध्य प्रदेश में परिचालन दक्षता, प्रशासन, पारदर्शिता तथा सेवा प्रदायगी में सुधार पर ध्यान केंन्द्रित करने सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार द्वारा इन सुधारों के प्रभाव का मूल्यांकन करने हेतु कोई स्वतंत्र आकलन/निष्पादन संपरीक्षा कराई गई है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) उक्त सुधारों को दीर्घकालिक आधार पर संस्थागत स्वरूप प्रदान करने तथा उक्त राज्यों में दक्षता, प्रशासन एवं यात्री संतुष्टि में निरंतर सुधार सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): भारतीय रेल ने 2026 के दौरान ग्राहक सेवा, परिसंपत्ति अनुरक्षण, गाड़ी परिचालन, यात्री सुविधाएँ, चल स्टॉक उत्पादन और गुणवत्ता, निर्माण गुणवत्ता, स्वास्थ्य सेवाएँ, नई तकनीक को अपनाने आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित 52 सुधार कार्यों को लागू करने की योजना बनाई है, जिसका उद्देश्य दक्षता, शासन और सेवा वितरण में प्रणालीबद्ध सुधार लाना है।

इन सुधारों से बेहतर प्रशिक्षण, अनुशासित परिचालन, प्रौद्योगिकी परिनियोजन और निरंतर निगरानी के माध्यम से संरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस पहल में दीर्घकालिक संरक्षा और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए अनुरक्षण मानकों के मूलभूत उन्नयन के साथ-साथ कृत्रिम बुद्धिमत्ता, आधुनिक सिगनल व्यवस्था, नई पीढ़ी के चल स्टॉक और बेहतर अनुरक्षण पद्धतियों सहित उन्नत प्रौद्योगिकियों को तेजी से अपनाने की भी परिकल्पना की गई है।

निरंतर कौशल उन्नयन, सिमुलेटर और डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग और प्रशिक्षण को कैरियर की प्रगति से जोड़कर प्रशिक्षण और प्रतिभा प्रबंधन में सुधार लाने की योजना बनाई गई है। बेहतर ग्राहक संतुष्टि के लिए भोजन की गुणवत्ता, खानपान और ऑनबोर्ड यात्री सेवाओं में बड़े सुधार की योजना बनाई गई है। इन सुधारों का प्रभाव महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश सहित पूरे भारतीय रेल पर पड़ेगा।

*****